दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 01 मार्च 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 152

अंतर्राष्ट्रीय

सेनाध्यक्ष का फ्रांस दौरा पूरा, विश्व युद्ध के शहीद भारतीय सैनिकों को दी पुष्पांजलि

फ्रांस । भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले शहीद भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की। इसके लिए उन्होंने फ्रांस के न्यूवे चैपल में भारतीय युद्ध स्मारक का दौरा किया। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान बहादुरी से लडऩे वाले भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करते हुए, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने फ्रांस के न्यूवे-चैपल में भारतीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की है। सेना के मुताबिक, बहादुरी से लडऩे वाले भारतीय सैनिकों का साहस, समर्पण और विरासत इतिहास में हमेशा के लिए अंकित है, जो आने वाली पीढिय़ों को प्रेरित करता है। न्यूवे-चैपल मेमोरियल वैश्विक शांति के लिए भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक शक्तिशाली प्रतीक है, जो शहीद सैनिकों को एक मार्मिक श्रद्धांजलि और उनकी बहादुरी की याद दिलाता है। गौरतलब है कि भारत-फ्रांस रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी 24 से 27 फरवरी तक फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर थे। जनरल द्विवेदी की यात्रा का उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना, सहयोग के नए रास्ते तलाशना और दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाना रहा।

ट्रांसजेंडर सैनिकों को लेकर अमेरिका ने उठाया बड़ा कदम

वाशिंगटन । पेंटागन ने सेना को जेंडर डिस्फोरिया से पीडि़त या इलाज करा रहे सदस्यों की पहचान करने के लिए 26 मार्च तक प्रक्रियाएं पूरी करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस संबंध में एक महीने पहले आदेश दिया था। एक बार पहचान हो जाने पर, सेना के पास उन्हें सेवा से हटाने के लिए 30 दिन का समय होगा। इस संबंध में गुरुवार को रक्षा विभाग ने एक ज्ञापन में सेना को 26 मार्च तक लिंग डिस्फोरिया से पीडि़त या उपचार प्राप्त करने वाले सेवा सदस्यों की पहचान करने के लिए प्रक्रियाएं पूरी करने का निर्देश जारी किया। यह आदेश राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अपने कार्यकाल की शुरुआत में हस्ताक्षरित एक कार्यकारी निर्देश पर आधारित है, जिसमें ट्रांसजेंडर्स को सैन्य सेवा से प्रतिबंधित करने के लिए कदम बताए गए हैं। नीति को कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार सैकड़ों ट्रांसजेंडर सेवा सदस्यों की पहचान मेडिकल रिकॉर्ड के माध्यम से की जा सकती है – जो 2.1 मिलियन सक्रिय सैनिकों का एक छोटा सा हिस्सा है। हालांकि, यह मुद्दा पेंटागन के लिए एक प्रमुख फोकस बन गया है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रक्षा सचिव पीट हेगसेथ उन्हें हटाने के लिए दबाव डाल रहे हैं, कि उनकी चिकित्सा स्थिति सैन्य मानकों को पूरा नहीं करती है। रक्षा अवर सचिव कार्मिक के रूप में कार्यरत डेरिन सेलनिक ने नए ज्ञापन में कहा, जिन व्यक्तियों का वर्तमान में लिंग डिस्फोरिया का निदान या इतिहास है या जो इसके अनुरूप लक्षण प्रदर्शित करते हैं, उन पर चिकित्सा, शल्य चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रतिबंध सैन्य सेवा के लिए आवश्यक उच्च मानसिक और शारीरिक मानकों के साथ असंगत हैं।

ऑस्ट्रेलिया : विक्टोरिया राज्य में खसरे को लेकर हेल्थ अलर्ट जारी

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे बड़े राज्य विक्टोरिया में खसरे के प्रकोप को लेकर स्वास्थ्य चेतावनी जारी की गई है। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि दो नए मरीजों में खसरे की पुष्टि हुई है, जो संभवत: मेलबर्न शहर में ही संक्रमित हुए थे। विक्टोरिया के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इन दोनों व्यक्तियों की विदेश यात्रा की कोई जानकारी नहीं है और न ही वे पहले से किसी खसरा संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए थे। इन दोनों मरीजों ने 19 से 26 फरवरी के बीच मेलबर्न और बेंडिगो (मेलबर्न से 130 किमी उत्तर-पश्चिम) के कई स्थानों का दौरा किया था। वे शॉपिंग मॉल, स्वीमिंग पूल, अस्पताल और चिकित्सा केंद्रों में गए थे। स्वास्थ्य विभाग ने उन स्थानों की पूरी सूची जारी की है जहां ये लोग गए थे। जो लोग उस समय वहां मौजूद थे, उन्हें 15 मार्च तक अपनी सेहत पर नजर रखने की सलाह दी गई है। विक्टोरिया के प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारी, तरुण वीरामंथरी ने बताया कि खसरा एक बेहद संक्रामक वायरल बीमारी है, जो एक व्यक्ति से दूसरे में तेजी से फैलती है। यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकती है, जैसे कि फेफड़ों में संक्रमण (निमोनिया) और मस्तिष्क में सूजन।

भारत-चीन सीमा के पास हिमस्खलन, 57 मजदूर दबे, बचाव कार्य जारी

चमोली । आरएनएस

उत्तराखंड के चमोली जिले में भारत-चीन (तिब्बत) सीमा क्षेत्र में माणा कैंप के निकट शुक्रवार को भारी हिमस्खलन हुआ है। इस घटना में निर्माण कार्य में जुटे 57 मजदूर बर्फ के नीचे दब गए हैं। गढ़वाल रेंज के आईजी राजीव स्वरूप ने जानकारी दी है कि अब तक 10 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि तीन अन्य को भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सेना के जवानों की मदद से सेना अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। शेष मजदूरों की तलाश के लिए बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में खराब मौसम के कारण संचार सेवाएं बाधित हो गई हैं, जिससे बचाव कार्यों में कठिनाई आ रही है। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि हिमस्खलन माणा और माणा पास के बीच हुआ है। उन्होंने कहा कि वायुसेना से मदद के लिए अनुरोध किया गया है और सेना, आईटीबीपी के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें भी बचाव कार्य में जुट गई हैं। एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीमों को भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, लाल माटी, नंदा घुंघटी, औली, गोरसों और नीती व माणा घाटियों सहित ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है। भारी बर्फबारी के कारण ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की मोटी परत जम गई है, जिससे हिमस्खलन का खतरा और बढ़ गया था।

प्रशासन और बचाव दल दबे हुए मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बचाव कार्यों में मौसम और संचार सेवाओं की बाधा एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

अमृतसर सीमा पर दो ड्रोन और तीन पैकेट हेरोइन बरामद

जालंधर । आरएनएस

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों से संदिग्ध हेरोइन ले जा रहे दो ड्रोन बरामद किए। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि स्थानीय ग्रामीण की सूचना पर एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 508 ग्राम) को बीएसएफ जवानों ने अमृतसर जिले के गांव- दाओके से लगभग अपराह्न तीन बज कर चालीस मिनट पर बरामद किया। मादक पदार्थ के पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और पैकेट पर धातु की अंगूठी के साथ दो रोशनी वाली छड़ें लगी हुई थीं।

संदिग्ध हेरोइन का एक और पैकेट (कुल वजन- 600 ग्राम) बीएसएफ जवानों ने सुबह करीब 07:15 बजे अमृतसर जिले के रोरनवाला खुर्द गांव से सटे एक खेत से बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप से लिपटे हुए थे और पैकेट पर तांबे के तार की अंगूठी के साथ एक रोशनी वाली पट्टी भी लगी हुई थी।

एक अन्य मामले में ड्यूटी पर तैनात सतर्क बीएसएफ जवानों ने अमृतसर जिले के उत्तर धारीवाल गांव से सटे सीमा सुरक्षा बाड़ से आगे एक खेत से एक असेंबल ड्रोन के साथ एक पैकेट (कुल वजन- 505 ग्राम) बरामद किया। बरामद पैकेट पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटा हुआ था और एक धातु की अंगूठी थी। स्थानीय ग्रामीण की सूचना पर बीएसएफ जवानों ने सुबह करीब 09:05 बजे रतनखुर्द गांव से सटे एक ग्रामीण के खेत से एक और ड्रोन (डीजेआई मैविक 3 क्लासिक) बरामद किया।

देश में पहली बार पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू, प्रशासन ने मटन-चिकन और अंडे की खरीद-बिक्री पर लगाई रोक

नई दिल्ली । आरएनएस

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू (।।5ह1) का मामला सामने आया है। यह देश में पहली बार है जब पालतू बिल्लियों में बर्ड फ्लू पाया गया है। प्रशासन ने 30 दिनों के लिए मटन, चिकन और अंडों की खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही, संक्रमित क्षेत्रों में दुकानों को सील करते हुए आसपास के इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। नगर निगम के वार्ड संख्या 6, 7, 8, 28, 29, 30, 31, 41 और 45 को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है।

प्रशासन ने बिल्लियों के संपर्क में आए लोगों को भी एहतियात बरतने की सलाह दी है। 18 बिल्लियों की मौत के बाद उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जिसमें दो बिल्लियों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। पशु विभाग ने संक्रमित क्षेत्र में बिल्लियों के संपर्क में आए 65 लोगों के सैंपल जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए। राहत की बात यह है कि इन सभी लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई।

बर्ड फ्लू और इसका प्रभाव

बर्ड फ्लू इन्फ्लुएंजा का एक प्रकार है, जिसका कारण ।।5ह1 वायरस होता है। यह शुरुआत में पानी के पक्षियों से फैला, लेकिन बाद में मुर्गी पालन उद्योग को तेजी से संक्रमित करने लगा। घरेलू पोल्ट्री इससे संक्रमित हो सकते हैं, और अगर यह किसी पक्षी को संक्रमित करता है तो उसकी मृत्यु की संभावना अधिक होती है। हालांकि, संक्रमित पक्षी इस वायरस को 10 दिनों से अधिक समय तक फैला सकते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह वायरस इंसान से इंसान में नहीं फैलता है, इसलिए अभी तक इसे महामारी नहीं माना गया है। हालांकि, यह पक्षियों से इंसानों में फैल सकता है, जिससे सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कर्नाटक सरकार ने बर्ड फ्लू को रोकने के लिए कदम उठाए

❒ फार्म में मुर्गियों को मारने का आदेश दिया

चिक्काबल्लापुर । आरएनएस

बेंगलुरू के निकट स्थित चिक्कबल्लापुर जिले में बर्ड फ्लू के प्रकोप को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। राज्य पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को चिक्कबल्लापुर के वरदाहल्ली गांव में एक पोल्ट्री फार्म में 350 मुर्गियों को मारने का आदेश दिया है।

जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है क्योंकि वरदहल्ली में मुर्गियों में एच5एन1 वायरस पाया गया है। डिप्टी कमिश्नर पी.एन. रविंद्र की अगुवाई में जिला प्रशासन ने आपात बैठक की और गांव से मुर्गियों के बाहर जाने पर रोक लगा दी गई। गांव की सभी सडक़ों पर बैरिकेड लगाए गए हैं और गाडिय़ों की कड़ी निगरानी की जा रही है ताकि मुर्गियों को बाहर न ले जाया जा सके।

शुरुआती जांच में पाया गया कि वरदाहल्ली के निवासी द्यामप्पा के घर पर 28 मुर्गियां मरी हुई मिली। गांव के अन्य घरों में भी मुर्गियों की मौत हो रही है। प्रशासन ने एक पोल्ट्री फार्म के तीन डेड चिकन के सैंपल जांच के लिए बेंगलुरू की सेंट्रल लैब भेजे। प्रयोगशाला परीक्षणों से सैंपल में एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई। इसके बाद पोल्ट्री फार्म की सभी मुर्गियों को मारने का आदेश जारी कर दिया गया।

अधिकारियों ने गांव में घर-घर जाकर सर्वे किया और पूरे इलाके में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिडक़ाव किया। स्वास्थ्य विभाग भी ग्रामीणों की सेहत पर नजर रख रहा है।

इस बीच, खबर मिली है कि दो दिन पहले वरदाहल्ली के पोल्ट्री फार्म से लगभग 10,000 मुर्गियों को बेंगलुरू भेजा गया था, जहां इन्हें मीट की दुकानों और होटलों में बेचा गया हो सकता है। अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं और विक्रेताओं को सतर्क कर रहे हैं कि वे वरदाहल्ली से लाए गए मुर्गों की बिक्री न करें।

आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में एवियन इन्फ्लूएंजा फैलने के बाद कर्नाटक सरकार ने सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है। कर्नाटक पहले दावा कर चुका था कि राज्य में बर्ड फ्लू का कोई मामला नहीं है और वे पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। राज्य में हर महीने करीब चार करोड़ ब्रॉयलर चिकन का उत्पादन होता है और यहां 73 ब्रीडर व 20,000 पोल्ट्री किसान हैं। सीमा से सटे बेलगावी जिले में प्रशासन ने चिकन सैंपल की जांच शुरू कर दी है और महाराष्ट्र बॉर्डर पर चेकपोस्ट लगाए हैं। बर्ड फ्लू की खबरों के बाद पोल्ट्री किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है क्योंकि लोग चिकन और अंडे खाने से बच रहे हैं।

भारत-ईयू साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा : पीएम मोदी

नई दिल्ली । आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह यात्रा भारत-यूरोपीय संघ की बहुआयामी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, यह न केवल यूरोपीय आयोग की भारत की पहली यात्रा है, बल्कि यह किसी एक देश में यूरोपीय आयोग की पहली व्यापक भागीदारी भी है। इसके अलावा, यह आयोग की अपने नए कार्यकाल की पहली यात्राओं में से एक है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ, प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार दोपहर नई दिल्ली पहुंची थी।

यह ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा है। साथ ही दिसंबर 2024 में कार्यभार संभालने वाले नए कमिश्नर्स की यूरोप के बाहर पहली यात्रा है।

पीएम मोदी ने कहा, निवेश संरक्षण और जीआई (भौगोलिक संकेत) समझौते सहित निवेश ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा हुई। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक विश्वसनीय और मजबूत निवेश ढांचे पर जोर दिया। हमारी साझा प्रतिबद्धता में सेमीकंडक्टर, एआई और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सहयोग शामिल है।

दोनों पक्षों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी व्यापक चर्चा हुई। इसकी घोषणा सितंबर 2023 में भारत में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी।

आईएमईसी में दो अलग-अलग गलियारे शामिल हैं - [भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोडऩे वाला पूर्वी गलियारा और खाड़ी को यूरोप से जोडऩे वाला उत्तरी गलियारा]। इसका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत कम करना, क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करना, व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाना, रोजगार पैदा करना, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आईएमईसी वैश्विक वाणिज्य, सतत विकास और समृद्धि के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में काम करेगा। रक्षा और सुरक्षा मामलों पर हमारा बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास को दर्शाता है। हम साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग को मजबूत करेंगे।

मुंबई : न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

मुंबई । आरएनएस

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 122 करोड़ रुपये के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक स्कैम मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। बैंक घोटाले के मामले में वांछित आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुण भाई के बेटे मनोहर अरुणाचलम को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ईओडब्ल्यू ने बताया कि 122 करोड़ रुपये के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले के मामले में वांछित आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुण भाई के बेटे मनोहर अरुणाचलम (33) को गिरफ्तार किया है। मनोहर पर अपने पिता को भगाने में मदद करने का आरोप है, आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

इससे पहले मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के 122 करोड़ गबन मामले में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें बैंक के पूर्व जीएम हितेश मेहता, बिल्डर धर्मेश पौन और अभिमन्यु नामक शामिल हैं। 122 करोड़ गबन मामले में मनोहर की चौथी गिरफ्तारी है। एफआईआर में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) (आईपीसी) की धारा 316(5) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच मुंबई की ईओडब्ल्यू कर रही है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया था। आरबीआई ने कहा था कि ये प्रतिबंध बैंक की स्थिति में सुधार होने तक लागू रहेंगे। ईओडब्ल्यू के डीसीपी मंगेश शिंदे के अनुसार, न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देवर्षि शिशिर कुमार घोष ने मुंबई के दादर थाने में हितेश मेहता के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी। मेहता पर बैंक के 122 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है।

राष्ट्रीय राजधानी में बंजारा संस्कृति का भव्य अनावरण

देशभर के मुख्यमंत्री बंजारा समुदाय के समग्र विकास के लिए योजना बनाएं : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

❒ बंजारा कला रत्न पुरस्कार से अमृता फडणवीस सम्मानित

नई दिल्ली । आरएनएस

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे बंजारा समुदाय के कल्याण पर ध्यान दें, जिसने भारत की संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने समुदाय की समस्याओं का अध्ययन कर व्यापक कल्याणकारी योजनाएँ लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह बातें 28 फरवरी को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में संत सेवालाल महाराज की 286वीं जयंती और रूप सिंह महाराज की 518वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इस कार्यक्रम का आयोजन सेवालाल महाराज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ के सहयोग से किया गया था। ओम बिरला ने कहा कि भले ही लंबानी/बंजारा समुदाय पूरे देश में फैला हुआ है, लेकिन उनकी भाषा, परंपराएँ और जीवनशैली एक समान हैं। फिर भी, विभिन्न राज्यों में उन्हें अनुसूचित जाति (एस सी), अनुसूचित जनजाति (एस टी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ बी सी) के रूप में अलग-अलग वर्गीकृत किया जाता है, जिससे वे अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने इस वर्गीकरण को समाप्त कर सभी बंजारों को समान अधिकार देने के लिए एक विशेष रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किया।उन्होंने आगे कहा कि संत सेवालाल महाराज ने भारत के आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रों में अतुलनीय योगदान दिया है। बंजारा समुदाय ने भारतीय संस्कृति को समृद्ध करने और पर्यावरण की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, भले ही उन्हें कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करना पड़ा हो।

बंजारा युवाओं को नेतृत्व में आगे आने की अपीलओम बिरला ने यह भी याद दिलाया कि उन्हें राजस्थान के कोटा संसदीय क्षेत्र में बंजारा समुदाय के समर्थन से जीतने का अवसर मिला था। उन्होंने समुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बंजारा युवाओं को नेतृत्व संभालने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए पलायन को कम करने के लिए समुदाय के लोगों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं, को बंजारा कला रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें बंजारा संगीत को लोकप्रिय बनाने के लिए दिया गया।पूर्व सांसद और अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ के अध्यक्ष उमेश जाधव ने कहा कि दिल्ली में संत सेवालाल जयंती समारोह बीते 6 वर्षों से मनाया जा रहा है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अपील की कि दिल्ली में बंजारा समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए 3-4 एकड़ भूमि आवंटित की जाए। उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि यदि जमीन मिलती है, तो समुदाय के सहयोग से बंजारा भवन का निर्माण किया जाएगा। अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ के अध्यक्ष शंकर पवार ने कहा कि भारत में लगभग 14 करोड़ (140 मिलियन) बंजारा समुदाय के लोग हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से बंजारा भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग की। उन्होंने दिल्ली में बंजारा भवन के निर्माण के लिए भूमि आवंटन की भी अपील की। साथ ही, उन्होंने सरकार से वरिष्ठ बंजारा नेता डॉ. उमेश जाधव को विशेष दर्जा देने की मांग की, जिससे समुदाय को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।